उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होमियोपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ–226018

मो0नं0 : 7607355882

ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक–638/एच0एम0बी0/2023-24 दिनांक 22-08-23

द्वारा–बोर्ड वेबसाइट

अनुस्मारक–05

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक,

समस्त डी0एच0पी0 कालेज,

उत्तर प्रदेश।

विषयः–डी0एच0पी0 कालेज लॉगिन पोर्टल पर बोर्ड वेबसाइट अपडेशन हेतु उपलब्ध कराये गये ऑनलाइन प्रारूप पर अभिलेखानुसार सूचनाएं दिनांक 25.08.2023 तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक, अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या-1036(1)/96-आयुष-2023, दिनांक 17.03.2023 की बैठक में शासन स्तर से लिये गये निर्णय के क्रम में बोर्ड की वेबसाइट WWW.hmbup.in पर डी0एच0पी0 कालेजों से सम्बन्धित सूचनाएं अपडेट किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में बोर्ड कार्यालय स्तर से आप सभी को कालेज लॉगिन पोर्टल पर एक सप्ताह में वांछित विवरण लोड करने हेतु कार्यालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया गया था। दिनांक 22.08.2023 को उक्त कार्य की समीक्षा की गयी, जिसमें यह पाया गया कि अद्यतन 102 कालेजों के द्वारा ही डाटा अपलोडिंग का कार्य पूर्ण कराया गया है (सूची संलग्न) व 77 कालेजों द्वारा विवरण अपलोड का कार्य आरम्भ किया गया है परन्तु अद्यतन पूर्ण नहीं किया गया है अवशेष 46 कालेजों द्वारा वेबसाइट पर डाटा अपलोडिंग का कार्य अद्यतन आरम्भ नहीं किया गया है, जो कि अत्यंत खेद का विषय है।

अतः समस्त सम्बन्धित कालेजों को अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि वह कॉलेज लॉगिन पोर्टल पर डाटा अपडेशन का कार्य दिनांक 25.08.2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि वेबसाइट पर डाटा अपडेशन का कार्य पूर्ण कराते हुए, अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। अन्यथा की दशा में सम्बन्धित का पोर्टल लॉक कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण समयबद्ध है।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

22/08/2023

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।

पत्रांक संख्या एवं तददिनांक–

प्रतिलिपि, नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।